जय अग्रसेन महाराज तेरी महिमा भारी

जय अग्रसेन महाराज तेरी महिमा भारी
बजता डंका जग में पूजे दुनिया सारी
जय अग्रसेन महाराज................

महाभारत के रण में कन्हैया के साथ थे
सुना है गरीबों के तुम्ही दीनानाथ थे
तेरे वंश पे लक्मी का उपकार है भारी
जय अग्रसेन महाराज................

ईंट एक रूपया लेकर किया कल्याण था
सारे गुणों के धारी नहीं अभिमान था
सुर नर मुनि गण भी थे तेरे आभारी
जय अग्रसेन महाराज................

अग्रोहा में लगता जैसे आज भी बसेरा है
मिलता है सब कुछ दर से बना जो भी तेरा है
राजू पर भी भगवन करो नज़र तुम्हारी
जय अग्रसेन महाराज................

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18283/title/jai-agarsen-maharaj-teri-mahima-bhaari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |